राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल को 'प्रख्यात सामाजिक वैज्ञानिक' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर, 6 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शनिवार को राजभवन में डॉ. निहारिका राठौड़ एवं डॉ. गिरवर सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से लिखी अपनी पुस्तक 'प्रख्यात सामाजिक वैज्ञानिक' की प्रथम प्रति भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक लेखन के लिए बधाई देते हुए उसकी सराहना की।

पुस्तक लेखिका डॉ. निहारिका राठौड़ ने बताया कि इस पुस्तक में पाश्चात्य एवं भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों के चिंतन के आलोक में उनकी जीवन दृष्टि को रूपायित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रबंध विशेषज्ञों की विचारणाओं, उनके शोध अनुभवों व चिंतन शैली पर आधारित यह पुस्तक भारतीय दर्शन और चिंतन की मौलिक दृष्टि है। पुस्तक शोधार्थियों के साथ ही सामान्य पाठकों के लिए भी समान रूप से उपयोगी है।